OFFICE ORDER NO- 2026/255

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY

एकलव्य परिसर, (त्रिपुरा) – 799210

EKALAVYA CAMPUS, TRIPURA

(Established by an Act of Parliament)

Ministry of Education, Government of India

Accredited 'A++' Grade by NAAC

दिनांक / Date: 13.11.2026

कार्यालय आदेश/OFFICE ORDER

आगामी 'पूर्व क्षेत्र युवमहोत्सव-2026' (दिनांक 19 से 21 नवम्बर, 2026) की सन्निकटता एवं इसके सुचारू आयोजन सम्बन्धित तैयारियों की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए, दिनांक 14.11.2026 (शनिवार) को परिसर का कार्यालय सामान्य कार्यदिवस की भांति पूर्ण रूप से खुला रहेगा, जबकि इस दिन नियमित कक्षाएँ स्थगित रहेंगी।

तदनुसार, समस्त संकाय सदस्यों (नियमित एवं अतिथि प्राध्यापक), अधिकारियों तथा कर्मचारियों (नियमित, संविदा) को निर्देशित किया जाता है कि वे शनिवार, दिनांक 14.11.2026 को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर युवमहोत्सव-2026 के निमित्त सौंपे गए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा अपराह्न 04:30 बजे उक्त कार्यक्रम के संयोजक प्रो. बुलुसु पद्म मित्र श्रीनिवास महोदय को कार्य की प्रगति से अवगत कराएँ (अपडेट प्रस्तुत करें)।

इस अतिरिक्त कार्यदिवस पर उपस्थित रहकर कर्तव्य निर्वहन करने के एवज में निम्नानुसार क्षतिपूर्ति देय होगी:

1. समस्त प्राध्यापकों को इसके एवज में आगामी परीक्षाओं के उपरान्त एक दिन का सामूहिक अवकाश (Compensatory Mass Leave) घोषित किया जाएगा।
2. सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी सुविधानुसार इसके एवज में एकमाह के भीतर प्रतिपूरक अवकाश (Compensatory Off) अथवा नियमानुसार मानदेय/पारिश्रमिक (Remuneration) का विकल्प चुन सकते हैं।

इस आदेश का तत्काल प्रभाव से एवं कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

13/11/2026

(प्रो. जी. सी. नेगी/Prof. G.C.S.Negi)

निदेशक

निदेशक / Director
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय / Central Sanskrit University
एकलव्य परिसर, अगरतला / Ekalavya Campus, Agartala

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. प्रो. बुलुसु पद्ममिश्र श्रीनिवास, संयोजक, युवमहोत्सव-2026
2. समन्वयक, आईक्यूएसी, एकलव्य परिसर, अगरतला।
3. समस्त संकाय सदस्य, अधिकारी एवं कर्मचारी, एकलव्य परिसर।
4. सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, एकलव्य परिसर।
5. अनुभाग अधिकारी (लेखा/प्रशासन), प्रभारी, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनुभाग।
6. तकनीकी सहायक, एकलव्य परिसर (परिसर की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)।
7. संबंधित संचिका एवं सूचना पट्ट।

निदेशक